**आवश्यकता**
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, वीरवार 23 जनवरी 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# पटरी पर बिखरे ट्रेन से कटे शव के टुकड़े

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन (12533) एक कोच में चिंगारी निकलने पर आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों द्वारा चेन खींचकर ट्रेन रुकवाई गई। कोच के कुछ यात्री नीचे उतरकर बगल के ट्रैक पर खड़े थे। तभी उस ट्रैक पर तेज गति से आई कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12649) ट्रेन कई यात्रियों को कुचलते हुए निकल गई।

पटरी पर कटे हुए शव के टुकड़े पड़े हुए थे और चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में अब तक 12 लोगों के मारे जाने और 40 यात्रियो के घायल होने की पुष्टि हुई है।

### घबराकर किसी यात्री ने चेन खींच दी

रेलवे के एक अधिकारी के अनुसार, लखनऊ से मुंबई जानेवाली पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन के बुधवार को जलगांव से आगे एक छोटे रेलवे स्टेशन परधाड़े के निकट पहुंचते ही एक जनरल कोच में चिंगारी एवं धुआं उठता दिखाई दिया। इससे घबराकर किसी यात्री ने चेन खींच दी, जिससे ट्रेन वहीं रुक गई।


**यात्रियों को कुचलते हुए निकल गई ट्रेन :** आग लगने की अफवाह से घबराए यात्री जल्दबाजी में ट्रेन से कूदकर बगल के ट्रैक पर जा खड़े हुए। तभी दूसरी ओर से आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन आ गई, जिसे गंभीर मोड़ होने के कारण ट्रैक पर खड़े यात्री देख नहीं सके और कर्नाटक एक्सप्रेस कई यात्रियों को कुचलते हुए आगे निकल गई।

**मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिया भरोसा :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुष्पक ट्रेन हादसे में मारे गए यात्रियों के परिजनों को सरकार की ओर से पांच लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है।

इसके अलावा सभी घायलों का इलाज मुफ्त करवाया जाएगा। इन दिनों दावोस यात्रा पर गए मुख्यमंत्री फडणवीस ने बुधवार को जलगांव के निकट हुई दुर्घटना के बाद एक वीडियो के जरिए बताया कि राज्य सरकार के मंत्री गिरीश महाजन दुर्घटनास्थल पर स्वयं पहुंचकर घायलों की मदद की व्यवस्था देख रहे हैं।

## चारों तरफ चीख-पुकार; कुचले गए 12 लोग







### सीएम ने जताया दुख

दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने मारे गए यात्रियों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रुपए की सहायता एवं घायलों के निशुल्क इलाज का प्रबंध करने का आश्वासन दिया है। दुर्घटना के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जताया है।

### गृहमंत्री ने ली जानकारी

अमित शाह ने अपने एक्स एकाउंट पर बताया कि उन्होंने दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से फोन पर बात कर दुर्घटना की पूरी जानकारी ली है। उन्होंने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। योगी आदित्यनाथ ने ट्रेन हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्ति की है।

### घायलों को अस्पताल ले जाया गया

जलगांव के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, इस दुर्घटना में अब तक 12 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है एवं 40 लोग घायल हुए हैं। घायलों को स्थानीय प्रशासन की मदद से निकट के ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया है। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल निला के अनुसार, भुसावल से मेडिकल रिलीफ ट्रेन भी दुर्घटनास्थल पर भेजी गई है। बता दें कि दुर्घटनास्थल मुंबई से करीब 400 किमी. दूर है।

### पुष्पक एक्सप्रेस दुर्घटना के लिए हेल्पलाइन जारी

घटना से प्रभावित परिवारों और यात्रियों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) ने घटना से प्रभावित लोगों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए संपर्क नंबर 8957409292 के साथ लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर हेल्पलाइन स्थापित की है।

### भोपाल डिवीजन के प्रमुख स्टेशनों के लिए हेल्प डेस्क नंबर

| | |
|---|---|
| -भोपाल स्टेशन | : 9407291228 |
| -आरकेएमपी स्टेशन | : 9109184246 |
| -इटारसी स्टेशन | : 7723024361, 9238105180 |
| -बीना स्टेशन | : 9630042318, 9238105181 |
| -गुना स्टेशन | : 9109197534 |

### ग्रामवासियों ने की घायलों की मदद

दुर्घटना के बाद परधाड़े गांव के ग्राम प्रधान शशिकांत पाटिल ने अन्य ग्रामवासियों के साथ घायलों की मदद शुरू की और चादरों को स्ट्रेचर का रूप देकर घायलों को उपलब्ध स्थानीय साधनों से ही निकट के ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया गया।

### अधिकारियों ने जिम्मेदारी संभाली

कुछ देर बाद निकट के बड़े शहर जलगांव के जिलाधिकारी आयुष प्रसाद एवं के साथ पहुंचे अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की जिम्मेदारी संभाली। जलगांव की सांसद स्मिता वाघ के अनुसार घायलों में कई की हालत गंभीर है। इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

# भोगपुर में SDM के खिलाफ प्रदर्शन

## MLA कोटली ने हाईवे पर दिया धरना

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर के भोगपुर में नगर कौंसिल के प्रधान चुनाव के दौरान हंगामे के बाद नौबत धरने तक आ गई। आदमपुर हलके के एसडीएम को वापस लौटना पड़ा। इस दौरान कांग्रेस के विधायक सुखविंदर सिंह कोटली और उनके समर्थकों ने एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी की।

नगर कौंसिल भोगपुर के पार्षदों के बीच प्रधान के चुनाव दौरान माहौल तनाव हो गया था। कांग्रेस विधायक का आरोप है कि इस दौरान चुनाव कराने आए आदमपुर के एसडीएम और अन्य अधिकारी बिना बताए चले गए। नाराज कांग्रसी विधायक और काउंसलरों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव न करवाने



का विरोध किया और इस मौके पर आदमपुर हलके के कांग्रेस विधायक सुखविंदर कोटली ने एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी की जिसके बाद मौके पर आदमपुर और भोगपुर थाने से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। प्रदर्शनकारियों ने जालंधर-जम्मू नेशनल हाईवे पर भी कुछ देर धरना दिया। विधायक सुखविंदर कोटली ने कहा कि कौंसलर चुने गए मनीष कुमार ने राज कुमारा राजा का नाम लिया।

जिसके बाद दूसरा नाम 13 नंबर वार्ड के कौंसलर बीबी राज रानी का लिया गया। इस दौरान एसडीएम चुप हो गए और प्रोसिडिंग बुक पर नहीं लिखा बल्कि एक पेपर पर नाम लिखा लिया। जिसके बाद उन्हें हाथ खड़े करने के लिए कहा गया। जिसके बाद 9 कौंसलर ने हाथ खड़े किए तो एसडीएम एक फोन आने पर बिना प्रक्रिया पूरी किए मौके से चले गए।

विधायक कोटली ने कहा कि वह कितनी बार चुनाव को टालते रहेंगे। इसके लिए अगर कांग्रेस पार्टी को हाईकोर्ट जाना पड़ा तो वह वहां भी जाएंगे। वहीं कुछ देर बाद तहसीलदार आए और उनके द्वारा बताया गया कि अगली तारीख 26 जनवरी के बाद जल्द ही दी जाएगी।

## चाइनीज डोर पर एक्शन : पंजाब पुलिस ने जब्त किए 80,879 बंडल, 90 FIR, डीजीपी अर्पित शुक्ला ने दी चेतावनी

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब में चाइनीज डोर (चीनी मांझा) लोगों के लिए मौत की डोर साबित हो रहा है। पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली यह डोर इतनी खतरनाक है कि इसकी चपेट में आने से कई लोग मौत के मुंह में जा चुके हैं। बावजूद सूबे में यह जानलेवा डोर चोरी छिपे बिक रही है। ऐसे में पंजाब पुलिस ने चाइनीज मांझे के खिलाफ सख्ती करते हुए इसका इस्तेमाल करने वालों और बेचने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस की तरफ से चीनी डोर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पिछले 20 दिनों में पुलिस टीमों ने राज्यभर में 80,879 बंडल चीनी डोर जब्त किए हैं और 90 एफआईआर दर्ज की हैं। यह जानकारी विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बुधवार को साझा की है। सुरक्षित राज्य बनाने के उद्देश्य से विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने पतंग उड़ाने वाली घातक चीनी डोर 'मांझा' के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव



के निर्देशानुसार घातक चीनी डोर की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना है।

### अपील के साथ दुकानदारों को चेताया

डीजीपी अर्पित शुक्ला ने जालंधर पुलिस आयुक्त (सीपी) स्वप्न शर्मा और लुधियाना सीपी कुलदीप सिंह चहल के साथ बुधवार को दोनों शहरों के स्थानीय बाजारों का दौरा किया। उन्होंने पतंग विक्रेताओं से बातचीत कर उन्हें चीनी प्लास्टिक डोर न बेचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दुकानदारों से मांझा की अवैध बिक्री या उपयोग की रिपोर्ट करने की अपील की और चेतावनी दी कि इस गतिविधि में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ेगी

इसके साथ ही डीजीपी ने गणतंत्र दिवस-2025 को ध्यान में रखते हुए जालंधर और लुधियाना में सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा भी की। उन्होंने इन शहरों के महत्वपूर्ण स्थानों पर योजनाबद्ध और रणनीतिक छापेमारी की। विशेष डीजीपी अर्पित शुक्ला ने जालंधर और लुधियाना आयुक्तालय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी व गश्त तेज करने के निर्देश दिए।

### पुलिस नाके बढ़ाने के निर्देश

डीजीपी ने व्यस्त बाजार, मॉल और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश देते हुए व्यापक सुरक्षा उपायों की एक श्रृंखला भी शुरू की। डीजीपी ने सभी सीपीज/एसएसपीज को अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में पुलिस नाकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी इन नाकों से गुजरने वाले अधिकतम वाहनों की पूरी जांच सुनिश्चित करेंगे।

## ये मानवता नहीं: लुधियाना में चोरी के आरोपी परिवार का मुंह काला कर गलियों में घुमाया, गले में तख्तियां डाली

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** लुधियाना में बहादुर के रोड स्थित एकजोत नगर इलाके में एक फैक्टरी मालिक ने कपड़ा चोरी करने का आरोप लगाकर एक महिला, उसकी तीन बेटियों के साथ साथ बेटे का मुंह काला कर दिया। साथ ही सभी के गले में %मैं चोर हूं% लिख कर तख्तियां डाल दी। आरोपियों ने सभी को इलाके में ऐसे ही घुमाया। पीछे से नौजवान हूटिंग करते रहे। कुछ युवकों ने वीडियो बनाने के बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस के उच्चाधिकारियों के फोन बजने शुरू हो गए। सूचना मिलने के बाद थाना बस्ती जोधेवाल की पुलिस इलाके में पहुंची और फैक्टरी मालिक परविंदर सिंह, मैनेजर मनप्रीत सिंह और वर्कर कैश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों को वीरवार को अदालत में पेश करेगी।



## पंजाब में चाईना डोर को लेकर एक्शन में आए DGP लॉ-एंड-ऑर्डर Shukla

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर में गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस की तरफ से शहर में नाकेबंदी करके सख्ती से चैकिंग की जा रही है। वहीं आज डीजीपी लॉ एंड आर्डर के अर्पित शुक्ला अचानक थाना रामामंडी में निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए और सारे उपकरणों की चेकिंग की।

वहीं पंजाब सरकार की तरफ़ से चाईना डोर की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है, लेकिन उसके बावजूद चाईना डोर की बिक्री हो रही है। इस मामले को लेकिन डीजीपी लॉ एंड आर्डर के अर्पित शुक्ला ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चाईना डोर की चपेट में आने से कई लोगों की मौत होती है और काफी मात्रा में लोग घायल हो रहे है।

### पिछले साल पुलिस ने दर्ज किए थे 109 मामले

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और पुलिसकी तरफ़ से मुहिम चलाई गई है



कि इस घातक डोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपियों को काबू करके जेल भेजा जाए।

अर्पित शुक्ला ने बताया कि पिछले साल 109 मामले पुलिस की तरफ़ से दर्ज किए गए थे। वहीं इस साल जनवरी महीने तक 100 से अधिक पर्चे दर्ज हो चुके है। उन्होंने कहा कि 2 महीने पंतगबाजी के होते है, ऐसे में चाईना डोर की बिक्री शुरू हो जाती है।

**डोर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई :** इसी के चलते लोगों से अपील करते हुए अर्पित शुक्ला ने कहा कि वह 112 नंबर पर फोन करके सूचना दें या फिर पुलिस को डायरेक्ट सूचना दें, जिसके चलते चाईना डोर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

वहीं दुकानदारों से पुलिस की तरफ़ से गई बातचीत को लेकर अर्पित शुक्ला ने कहा कि होलसेल व्यापारियों से मीटिंग करके अपील की गई है कि वह चाईना डोर की बिक्री ना करें।

### चाईना डोर बेचने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

वहीं उन्होंने आश्वासन भी दिया है कि वह इस बिक्री नहीं करेंगे। वहीं चाईना डोर बेचने वाले को काबू करके उसके बैकवर्ड लिंक खंगाले जा रहे है ताकि गहराई तक जाकर चाईना डोर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के बयान पर आप सांसद मलविंदर सिंह कंग की टिप्पणी, कहा- यह पंजाबियों का अपमान

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने पंजाबियों को निशाना बनाने वाली अपमानजनक और विभाजनकारी टिप्पणियों के लिए भाजपा नेता परवेश वर्मा की कड़ी निंदा की है। आप सांसद मलविंदर सिंह कंग ने बुधवार को पार्टी प्रवक्ता नील गर्ग के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए भाजपा की तीखी आलोचना की।



कंग ने कहा कि दिल्ली में पंजाब पंजीकरण वाले वाहन गणतंत्र दिवस से पहले एक साजिश का हिस्सा हो सकते हैं, ऐसा सोचना ही बहुत गलत है। दरअसल बीजेपी नेता परवेश वर्मा ने अपनी पार्टी की पंजाब विरोधी मानसिकता को खुलेआम प्रदर्शित किया है। पंजाबियों के खिलाफ उनके बेबुनियाद आरोप पंजाब के लोगों के खिलाफ भाजपा के गहरे पूर्वाग्रह को दर्शाता है। मलविंदर कंग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पंजाबियों ने दिल्ली के विकास और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दिल्ली की प्रगति का श्रेय भी पंजाबियों को जाता है। भारत को आज़ाद कराने से लेकर दिल्ली के परिदृश्य को नया आकार देने तक, पंजाबी हमेशा सबसे आगे रहे हैं। उन्हें आतंकवादी करार देना न केवल पंजाब बल्कि पूरे देश का अपमान है। उन्होंने वर्मा की टिप्पणियों के समय पर सवाल खड़े किए और भाजपा पर दिल्ली में चुनाव से पहले ध्रुवीकरण की रणनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,जब चुनाव नजदीक आते हैं तो भाजपा भय और विभाजन की राजनीति पर उतर आती है। पंजाब में पंजीकृत वाहनों को बदनाम किया जा रहा है, जबकि दिल्ली देश की राजधानी है जहां हर नागरिक को आने और रहने का अधिकार है। ऐसी टिप्पणियां न केवल विभाजनकारी हैं बल्कि असंवैधानिक भी हैं।

कंग ने परवेश वर्मा के बयान को राष्ट्रीय एकता के साथ विश्वासघात बताते हुए उनसे तत्काल माफी मांगने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से वर्मा की शर्मनाक टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं। यदि वह ऐसा नहीं करते हैं, तो भाजपा को सार्वजनिक रूप से पंजाबियों से माफी मांगनी चाहिए।

आप सांसद ने दिल्ली के मतदाताओं से भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को खारिज करने की अपील की। उन्होंने कहा, दिल्लीवासियों को 5 फरवरी को इन घृणित, विभाजनकारी नेताओं को सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने सिर्फ पंजाबियों का ही नहीं पूरे राष्ट्र का अपमान किया है। यह सिर्फ पंजाब का मसला नहीं है। यह हर उस भारतीय से संबंधित है जो संघवाद और लोकतंत्र में विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए या लोगों की प्रतिक्रिया का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। पंजाबी हमेशा से इस देश की रीढ़ रहे हैं और वे ऐसे बयानों को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# पंजाब के युवक की हांगकांग में मौतः परिवार बोला- बेटे की हुई हत्या, ससुराल वाले मांग रहे थे एक मिलियन डॉलर




**जालंधर (पवन कश्यप) :** पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले युवक की हांगकांग में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। फरीदकोट के ग्रीन एवेन्यू के रहने वाले 25 वर्षीय हरप्रीत सिंह ने करीब एक सप्ताह पहले (16 जनवरी) को हांगकांग में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला खत्म कर ली थी। हालांकि परिवार के लोगों का दावा है कि हरप्रीत सिंह खुदकुशी नहीं कर सकता और उसकी हत्या हुई है। हत्या का आरोप उसके ससुराल पक्ष पर लगाया है। ऐसे में पूरे मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए। इस मामले में मृतक हरप्रीत सिंह की बहन सुखदीप कौर ने बताया कि करीब एक साल पहले दिसंबर 2023 में हरप्रीत की शादी बठिंडा जिले के गांव हररायपुर निवासी महिंदर कौर माही से हुई थी। महिंदर कौर माही और उसका मायका परिवार हांगकांग के स्थायी निवासी हैं। शादी के करीब छह महीने बाद हरप्रीत को उसकी पत्नी माही उसे अपने साथ हांगकांग ले गई।

हांगकांग जाने के कुछ दिन बाद ही दोनों (पति-पत्नी) के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद हरप्रीत वापस भारत लौट आया। रिश्तेदारों ने बीच-बचाव कर मामला सुलझा लिया और दोनों फिर से हांगकांग चले गए। परिवार का आरोप है कि दोबारा हांगकांग जाने के बाद हरप्रीत के प्रति उसके ससुराल वालों का रवैया बदल गया और वे इसे अपना अपमान मानते हुए हरप्रीत को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वाले उसे धमकियां देने लगे। उसे एक मिलियन डॉलर का हर्जाना भरने की धमकी दी जा रही थी, जिसकी जानकारी देने के लिए वह फरीदकोट में अपने परिवार वालों को फोन करता रहा।

एक सप्ताह पहले 16 जनवरी को हरप्रीत की मौत की खबर मिली। उन्होंने कहा कि अभी तक हरप्रीत का पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ है और न ही वहां रहती उसकी बहन की शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि हरप्रीत की मौत की उचित जांच होनी चाहिए। हरप्रीत के पिता बलदेव सिंह ने भी कहा कि उनका बेटा बहुत मजबूत था और वह आत्महत्या नहीं कर सकता। इसके पीछे जरूर कोई साजिश है जिसकी जांच करके उन्हें न्याय मिलना चाहिए।

# लुधियाना में परिवार को तालिबानी सजा देने पर सामने आया बाल अधिकार कमिशन, कहा...

**जालंधर (पंकज शर्मा) :** पंजाब राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष कंवरदीप सिंह ने लुधियाना में तालिबानी सजा के मामले पर सुओ-मोटो नोटिस लिया है। इतना ही नहीं,



बल्कि पीड़ित लड़कियों की तस्वीरें सांझा करने वालों पर भी कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में अध्यक्ष ने बताया कि एक कपड़ा फैक्ट्री के मालिक द्वारा एक माँ और उसकी तीन बेटियों को चोरी के आरोप में मुंह काला करके और मैं चोर हूँ की तख्ती पहनाकर घुमाया गया, जो कि बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने पुलिस कमिश्नर, लुधियाना को मामले की गंभीरता को देखते हुए जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन) एक्ट-2015 की धारा 75 और 79 के तहत मामला दर्ज करने और बाल मजदूरी (निवारण और नियंत्रण) अधिनियम-1986 तथा भारतीय दंड संहिता-2023 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। साथ ही, की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 23 जनवरी तक भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

अध्यक्ष ने पुलिस कमिश्नर, लुधियाना को यह भी निर्देश दिया कि जो लोग बच्चियों की तस्वीरें खींचकर वायरल कर रहे हैं, उनके खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस (केयर एंड प्रोटेक्शन) एक्ट-2015 की धारा 74 के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

# गणतंत्र दिवस को लेकर पंजाब पुलिस अलर्ट मोड पर, जालंधर में थानों का अचानक निरीक्षण करने पहुंचे DGP शुक्ला

**जालंधर (अंशु कपूर) :** जालंधर में गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस की तर्रफ से शहर में नाकेबंदी करके सख्ती से चैकिंग की जा रही है। वहीं आज डीजीपी लॉ एंड आर्डर के अर्पित शुक्ला अचानक थाना रामामंडी में निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए और सारे उपकरणों की चेकिंग की। इस दौरान उन्होंने थाना रामामंडी का जायजा लिया और थाने में मौजूद पुलिस मुलाजिमों से बातचीत की।

अर्पित शुक्ला के साथ पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार थानों में हो रहे ग्रेनेड हमले को लेकर सुरक्षा प्रबंधो का जायजा लेने के लिए डीजीपी लॉ एंड आर्डर के अर्पित शुक्ला रामामंडी थाने पहुंचे है। अर्पित शुक्ला ने थाने में तैनात अधिकारियों



को आदेश दिए है कि किसी भी अप्रिय घटना घटने पर गेट पर तैनात संत्री हूटर बजाएगा। वहीं हूटर बजने के बाद पूरी फोर्स तुरंत बाहर आ जाएगी।

## जगह-जगह पर नाकेबंदी की जा रही

डीजीपी लॉ एंड आर्डर के अर्पित शुक्ला ने कहा कि गणतंत्र दिवस को लेकर अतिरिक्त सुरक्षा फोर्स को तैनात किया गया है, वहीं जगह-जगह पर नाकेबंदी की जा रही है। इस दौरान प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। पंजाब वासियों को अर्पित शुक्ला ने कहा कि अगर उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है वह उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## गणतंत्र दिवस को लेकर पंजाब भर में अलर्ट जारी

वहीं मीडिया से बात करते हुए अर्पित शुक्ला ने कहा कि गणतंत्र दिवस को लेकर पंजाब भर में अलर्ट जारी किया गया है। वहीं गैंगस्टर, नशा तस्करों सहित अन्य अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर आज बैठक की गई।

जिसके बाद अब लुधियाना में जाकर अधिकारियों के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर समीक्षा की जाएगी।

# तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा-सुभाष चंद्र बोस जयंती पर स्पीच और निबंध



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा- इस मशहूर नारे को देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक जबरदस्त स्वतंत्रता सेना थे जिन्होंने अंग्रेजों के सामने आजादी के जोश से भरे स्वतंत्र भारतीयों की फौज बनाकर उन्हें अंग्रेजों के सामने खड़ा कर दिया था। उन्होंने पहली बार अंडमान में स्वतंत्र भारत का झंडा पहली बार लहराकर भारत के एक हिस्से को आजाद घोषित किया था। पहले 23 जनवरी महज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का प्रतीक था लेकिन साल 2021 से इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

## नेताजी के जन्मदिन पर पराक्रम दिवस मनाने की शुरुआत

हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के मौके पर पराक्रम दिवस मनाते हैं। इस पराक्रम दिवस को मनाए जाने की शुरुआत नेताजी की 125वीं जयंती से हुई थी। आने वाले साल 2025 में नेताजी की 128वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी। नेताजी के सभी काम और लक्ष्य आज भी युवाओं के रगों में एक प्रेरणा बनकर दौड़ रहे हैं। फौलादी इरादों वाले ऐसे महान व्यक्तित्व के लिए कुछ भी असंभव नहीं है।



## पीएम मोदी की पहल

सन 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ने अंडमान निकोबार के एक द्वीप का नाम बदलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रखा जिसे नेताजी ने आजाद कराया था। देशवासियों को सुभाष चंद्र बोस के अतुलनीय संघर्ष को सदा के लिए याद दिलाने के लिए उनके कुछ गोपनीय फाइलों को सार्वजनिक कर दिया। इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन के पास कर्तव्यपथ पर उनका स्टैच्यू स्थापित कराया। देशवासियों की भावनाओं को समझते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाए जाने का आह्वान किया था।

## झकझोर कर जगाया भारतीयों का स्वाभिमान

जब भारत अंग्रेजी हुकूमत के जुल्मों को सह रहा था, तब कई हिंदुस्तानी या तो अंग्रेजों का समर्थन कर रहे थे या फिर विदेशों में अपने परिवार के साथ शांति से रह रहे थे। एक ओर जहां भारत खून से लथपथ हो रहा था, वहीं अपने देश और विदेशों में रह रहे कुछ भारतीय अपनी आंखें मूंदे बैठे थे।

सुभाष चंद्र बोस वह शख्सियत थे, जिन्होंने विदेशों में जाकर भारतीयों की चेतना को झकझोर कर जगाया। विदेशों में मौजूद भारतीय सैनिकों को संगठित किया। नेताजी ने भारतीयों को देश के लिए जीने का जबा सिखाया और देश के लिए मरने का मकसद दिया।

## आजाद हिंद फौज के लीडर

नेताजी ने अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया। जब दुनिया में जब भारत को सपेरे और गरीबों का देश कहा जाता था और महिलाओं के सामान्य अधिकारों पर चर्चा की जाती थी, तब नेता जी ने रानी झांसी रेजीमेंट का गठन करके महिलाओं को अपने साथ संघर्ष में जोड़ा।

इस रेजीमेंट में हर जाति, मजहब और क्षेत्र की महिलाओं को जगाकर अपने साथ शामिल किया और उसे आजाद हिंद फौज का नाम दिया गया। जब तथाकथित अन्य नेताओं और अहिंसा वादियों ने सुभाष चंद्र बोस जी जैसे शख्सियत की कदर नहीं की और उनके विचारों से सहमति नहीं जताई तो वे अकेले ही अपनी आजाद हिंद फौज के साथ पथ पर चल दिए।

## यादगार योगदान

अगर गुलामी के अंधेरे कालखंड में मशाल दिखाकर देश को आजाद कराने वाले नेताजी सुभाष बोस ना होते तो शायद हमें आजादी पाने में दशकों लग जाते। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में नेताजी कई बार जेल भी गए, जहां उन्हें कई यातनाओं से भी गुजरना पड़ा था। उनका जीवन आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा और गर्व का विषय है।



# नेताजी के प्रेरक प्रसंग सदैव रहेंगे प्रासंगिक

**असाधारण** कौशल नेतृत्व करने वाले करिश्माई सुभाष चंद्र बोस उर्फ 'नेताजी' की आज 128वीं जयंती हैं। उनके योगदान को आज पूरा देश याद कर रहा है। जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक, उड़ीसा में हुआ था। बोस के प्रेरक वचनों को मौजूदा समय के लोग क्या, आने वाली पीढ़ियां भी अनवरत अनुसरण करती रहेंगी। उनके व्यक्तित्व के संबंध में जितनी भी व्याख्याएं शब्दों से जाएं, कमतर हांगी। क्योंकि ऐसे महापुरुष विरले धरा पर आते हैं। बोस के अवतरण ने इस धरती को भी गौरवांतित किया था। वो ऐसे भारतीय राष्ट्रवादी योद्धा थे, जो देशभक्ति की अलख जगाने में असंख्यक लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़कर गए। उनकी नेतृत्व क्षमता से महात्मा गांधी बहुत प्रभावित थे, तभी उनको बड़ी जिम्मेदारी दीं। प्रत्येक जिम्मेदारियों को उन्होंने बखूबी निभाया। बोस ने अपने विचारों से देश के युवाओं को प्रेरित किया था। बोस कहते थे कि अगर जीवन में संघर्ष न हो, तो जीवन का अर्थ नहीं? उन्होंने कहा था, व्यक्ति के अंदर सनक नहीं होगी, तो वह महान नहीं बनेगा। बोस का एक प्रेरक प्रसंग जिसे लोगों ने अपने जीवन में उतारा, वह ये है' अगर कभी झुकने की नौबत आए, तब भी वीरों की तरह ही झुकना।

नेताजी द्वारा गठित 'आजाद हिंद फौज' ने आजादी की लड़ाई को बड़ा संबल दिया। उनका प्रसिद्ध नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा', बोलने मात्र से हमारे भीतर नई चेतना जगाता है।



उनसे जुड़ी कई घटनाएं ऐसी हैं जो चमत्कारी और अद्भुत रही। अव्वल तो उनकी मौत? जो रहस्यमय तरीके से 18 अगस्त, 1945 को एक विमान दुर्घटना में हुई। बोस की मौत कब तक संसार के लिए पहेली रहेगी, जिसकी तारीख-दिन शायद कभी मुकर्रर हो? मौत को लेकर कई तरह के भ्रम हैं। कोई कहता है विमान के जलने से उनकी मृत्यु ताइवान के अस्पताल में हुई? कोई कहता है वह उसके बाद भी जीवित रहे, लेकिन दुनिया के सामने नहीं आए? आजादी से लेकर अब तक की सरकारों ने भी कोई स्थिति स्पष्ट नहीं कीं।

बहरहाल, प्रेरणा के लिए बोस का संपूर्ण जीवनकाल न सिर्फ भारतीयों के लिए, बल्कि समूचे संसार के लिए किताब जैसा है। उन्हें जितना पढ़ेंगे, उतना ही ज्ञानवान होंगे। सुभाष चंद्र बोस सबसे प्रभावशाली स्वतंत्रता सेनानी नेताओं में गिने जाते थे। 'जय हिंद' और 'दिल्ली चलो' के नारों ने अंग्रेजों के पसीने छुडा दिए थे। उनके आह्वान मात्र से लोगों की भीड़ एकत्र हो जाती थी। जबकि, मौजूदा समय के विभिन्न दलों के राजनेता भाड़े से बुलाकर भी उतने लोग अपनी सभाओं में खड़ा नहीं कर पाते? ये तथ्यात्मक है कि आजाद हिंद फौज के गठन से भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को कोई नहीं भुला सकता। बोस स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपनाए गए अपने उदारवादी दृष्टिकोण और समाजवादी नीतियों के लिए जाने जाते थे। उनके शुरुआत से लेकर अंत तक के जीवन पर प्रकाश डालें, तो नेताजी के पिता कटक के सफल अधिवक्ता हुआ करते थे जिन्हें 'राय बहादुर' के नाम से भी जानते थे। बोस की शुरुआती शिक्षा कटक के ही प्रोटेस्टेंट यूरोपियन स्कूल में हुई थी। बाद में उन्होंने प्रेसीडेंसी कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उम्र जब 16 वर्ष की हुई तो स्वामी विवेकानन्द और रामकृष्ण की रचनाओं को पढ़ना शुरू किया जिससे वह काफी प्रभावित हुए। यहीं से उनका जीवन बदल गया। नेताजी सिविल सेवा करना चाहते थे जिसकी तैयारी के लिए इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय चले गए। वर्ष-1920 में उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी बीच अप्रैल 1921 में, भारत में राष्ट्रवादी उथल-पुथल होना शुरू हुआ, जिसको देखकर उन्होंने अपनी नौकरी नहीं, बल्कि देश आजाद करने का निर्णय लेकर भारत वापस आ गए।

भारत आकर तुरंत 'असहयोग आंदोलन' से जुड़ गए। आंदोलन के दौरान, उन्हें महात्मा गांधी ने चितरंजन दास के अधीन कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी। जो उनके राजनीतिक गुरु भी बने। उसके बाद, वह बंगाल कांग्रेस स्वयंसेवकों के युवा शिक्षक और कमांडेंट भी बनाए गए। कुछ सालों तक वह 'स्वराज' नामक समाचार पत्र का प्रकाशन भी किया। आजादी के लड़ाई में उन्हें जेल भी जाना पड़ा। सन 1927 में जब जेल से रिहा हुए तो, कांग्रेस पार्टी के महासचिव बने और स्वतंत्रता के लिए जवाहरलाल नेहरू के साथ काम करना आरंभ किया। बोस कम उम्र से ही सफलता की सीढ़ियां तेजी से चढ़ते गए। उनके बढ़ते कदम अन्य नेताओं को असहज करने लगे थे। 1938 में उनको भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। तब उन्होंने एक 'राष्ट्रीय योजना समिति' का गठन किया, जिसमें व्यापक स्तर पर औद्योगीकरण नीतियां तैयार की गईं।

23 जनवरी वह तारीख है जिस दिन बोस के योगदान की भूमिकाओं को हम याद करते हैं। आज उनकी 128वीं जयंती पर उन्हें पूरा देश याद करेगा। आजाद हिंद फौज में शामिल होने के लिए भारत के नौजवान आतूर रहते थे। तब, हर कोई नेजाती से जुड़ना चाहता था। अंडमान को जापानियों से मुक्त भी उन्होंने बड़े अनोखे अंदाज में करवाया था।

अपनी फौज के साथ वह अंडमान गए और जापानियों को वहां से खदेड़कर कब्जा मुक्त करवाकर भारत का झंडा फहरा दिया। 1944 की शुरुआत में, आज़ाद हिंद फ़ौज की तीन इकाइयों ने अंग्रेज़ों को भारत से बाहर करने के लिए भारत के उत्तर-पूर्वी हिस्सों पर हमले में भाग लिया। आजाद हिंद फौज के सबसे प्रमुख अधिकारियों में से एक, शाह नवाज खान के अनुसार, भारत में प्रवेश करने वाले सैनिक जमीन पर लेट गए और पूरी भावना के साथ अपनी मातृभूमि की पवित्र मिट्टी को चूमा। बोस को अपने देश से बेपनाह मोहब्बत थी, कुछ भी कर गुजरने को चौबीसों घंटे तैयार रहते थे। इसलिए उनके तमाम प्रेरक प्रसंग आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# डल्लेवाल के इलाज में लापरवाही: किसानों और डॉक्टरों के बीच तनातनी, चिकित्सकों पर इलाज से इनकार का लगाया आरोप



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को मेडिकल सहायता देने के लिए तैनात राजिंदरा अस्पताल के डॉक्टरों और धरनारत किसानों के बीच तनातनी हो गई। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गई। किसान नेताओं ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। इसके बाद डल्लेवाल ने ड्रिप लगवाने से इनकार कर दिया और साफ शब्दों में कहा कि अब वह प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में ही ड्रिप लगवाएंगे।

किसान नेताओं की ओर से शिकायत मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉ. जगपालइंद्र सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की एक टीम खनौरी बॉर्डर पहुंची और डल्लेवाल व अन्य किसान नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद किसान नेता अभिमन्यु सिंह कोहाड़ ने कहा कि अधिकारियों की तरफ से भरोसा दिलाया गया है कि इस तरह की गलती भविष्य में दोबारा नहीं होगी। इसके बाद डल्लेवाल ने 15 घंटे के अंतराल के बाद ड्रिप लगवा ली है। टीम की तरफ से भरोसा दिलाया गया है कि प्रोफेसर ऑफ मेडिसिन रैंक के डॉक्टरों को अब डल्लेवाल के लिए इलाज में बॉर्डर पर 24 घंटे तैनात किया जाएगा। डॉक्टरों की संख्या और बढ़ाई जाएगी।

### ड्यूटी डॉक्टर ने बढ़ा दी ड्रीप की स्पीड

किसान नेता अभिमन्यु सिंह कोहाड़ ने बताया कि मंगलवार देर रात डल्लेवाल को ड्रिप लगाई हुई थी, जिसमें एक छोटी बोतल भी थी। इसका एक तय समय होता है, जिसमें इसे खत्म कर लेना होता है। उस समय ड्यूटी पर तैनात सरकारी डॉक्टर से लापरवाही हुई।

उसे लगा कि बोतल खत्म होने में ज्यादा समय ले लगी। क्योंकि करीब 45 मिनट हो गए थे और एक घंटे में यह बोतल खत्म हो जानी चाहिए थी। इसके चलते डॉक्टर ने ड्रिप की स्पीड ज्यादा बढ़ा दी। इससे डल्लेवाल की बाजू में तेज दर्द होने लगा और ब्लीडिंग भी हुई। कोहाड़ ने कहा कि डल्लेवाल की जिंदगी इतनी सस्ती नहीं है कि उनकी सेहत के साथ इस तरह की लापरवाही बरती जाए। कोहाड़ ने कहा कि मंगलवार रात डल्लेवाल के इलाज के लिए सीनियर व स्पेशलिस्ट डाक्टर ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे।

### अधिकारियों ने मांगी माफी

वहीं दूसरी तरफ मंगलवार रात ड्यूटी पर तैनात राजिंदरा के डॉक्टरों ने अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट को पत्र लिखकर किसानों पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने व अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप लगाते डल्लेवाल का इलाज करने से इनकार कर दिया। इस सारे प्रकरण के बीच वरिष्ठ डॉक्टरों व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम बॉर्डर पहुंची। किसान नेता कोहाड़ के मुताबिक टीम डल्लेवाल से मिली और किसान नेता ने उन्हें सारे प्रकरण के बारे में बताया। इसके बाद अधिकारियों ने माफी मांगी है और भरोसा दिलाया है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही नहीं होगी। कोहाड़ ने किसानों की तरफ से डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अपनी लापरवाही छिपाने के लिए इस तरह के गलत आरोप लगा रहे हैं।

### 58 दिन बाद डल्लेवाल को ताजी हवा व रोशनी में लाया गया

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन बुधवार को 58वें दिन जारी रहा। 58 दिन बाद डल्लेवाल को खुली, ताजी हवा और रोशनी में लाया गया। दोपहर लगभग 2 बजे डल्लेवाल को ट्राली से स्ट्रेचर के जरिये बाहर लाया गया। बाहर आने पर डल्लेवाल ने कहा कि सबसे पहले वह श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने नतमस्तक होना चाहते हैं, क्योंकि गुरुओं के आशीर्वाद से ही केंद्र सरकार को बातचीत के मेज पर आने को मजबूर करने में सफल हो पाए हैं। इसके बाद किसान नेताओं, वरिष्ठ डॉक्टरों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में डल्लेवाल अपनी नई मॉडिफाई ट्राली में शिफ्ट किया गया। डल्लेवाल के लिए एक नया कमरा तैयार किया जा रहा है, जिसे पूरी तरह तैयार होने में अभी 2-3 दिन का समय लगेगा।

# पुलिस वाले की दबंगई: फ्री में चट कर गया 70 हजार की मिठाई, हलवाई ने लगाई गुहार, साहब कुछ करो, ऑडियो ने खोला राज



### थाने में पार्टी के नाम पर ले जाता है मिठाई

ऑडियो सुनने से साफ पता चलता है कि जीरा के सभी पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी है लेकिन अपने सिपाही का साथ दे रहे हैं। जबकि हलवाई अपनी 70 हजार रुपये की मिठाई के लिए गुहार लगा रहा है। जो मिलते नजर नहीं आ रहे हैं।

हलवाई ये अधिकारी से कह रहा है कि थाना में पार्टी होने की बात कह कर भी गनमैन उससे मिठाई ले जाता था।

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** कहावत है पुलिस वाले की न दोस्ती अच्छी न दुश्मनी। पंजाब पुलिस पर भी यह लाइन स्टीक बैठती है। क्योंकि एक पुलिस वाले ने अधिकारियों के नाम पर हलवाई की दुकान से फ्री में 70 हजार की मिठाई चट कर ली। यह काम एक अधिकारी के गनमैन ने किया है, जिसने हलवाई से पुलिस अधिकारियों के नाम पर पिछले छह माह में 70 हजार रुपये की मिठाई खा ली और एक रुपया हलवाई को नहीं दिया। अब यह मामला सूर्खियों में आ गया है। मामला पंजाब के फिरोजपुर के जीरा का है। हलवाई ने बड़े अधिकारियों से गुहार लगाई है कि उस पुलिस वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

पीड़ित हलवाई ने मामले की शिकायत जीरा पुलिस को दी तो पुलिस अधिकारी भी हलवाई की मदद करने की बजाए उसी सिपाही (गनमैन) की भाषा बोल रहे हैं, जिसने हलवाई से मुफ्त में 70 हजार रुपये की मिठाई खा ली है। एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पीड़ित हलवाई और पुलिस अधिकारी के बीच बातचीत हो रही है।

पीड़ित हलवाई ने जब अधिकारी से कहा कि साहब आपका नाम लेकर उक्त गनमैन मेरी दुकान से मिठाई लेकर जाता था, ये सुनते ही अधिकारी हलवाई राजीव जैन पर भड़कने लगा, जबकि उक्त अधिकारी को गनमैन के मामले की एक-एक बात की खबर है।

**वायरल ऑडियो में हुई बातचीत :** वायरल ऑडियो ने पूरे क्षेत्र में हलचल मचाई हुई है। ऑडियो में हलवाई उक्त अधिकारी से कहता है कि साहब आपका नाम लेकर भी गनमैन कई बार उसकी दुकान से मिठाई लेकर गया है। तो अधिकारी भड़क गया, मेरी उम्र मिठाई खाने की है। सरकार मुझे लाख रुपये तनख्वाह देती है। उक्त अधिकारी हलवाई से कहता है तूने मुझे इस बारे में पहले पूछा था।

हलवाई का जवाब था सर मेरी क्या हैसियत है जो मैं आपको फोन करके पूछ लेता। उक्त अधिकारी हलवाई से कहता है कि वो मेरा गनमैन नहीं है, जिसका गनमैन है उसे शिकायत करो। हलवाई कहता है साहब मैंने उस अधिकारी और आपको को भी डाक के माध्यम शिकायत की है जो आपको मिल चुकी है। उस पर कार्रवाई करें। उक्त अधिकारी कहता है मुझे अभी तक शिकायत नहीं मिली है।



# पंजाब में नई आफत, लगातार बिगड़ रहे हालात

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** मालवा के किसानों को आजकल एक नई आफत का सामना करना पड़ रहा हैं। इस बार किसानों पर आई आफत प्राकृतिक नहीं बल्कि कम लागत से अधिक से अधिक कमाई करने की कुछ मछली पालकों की लालसा का नतीजा है। गांव के पंचायती छप्पड़ों में छोड़ी प्रतिबंधित मांगुर मछली किसानों के पशुधन को बर्बाद कर रही है। मीडिया में यह मुद्दा उठने के बाद मछली पालन विभाग या सरकार इस गंभीर समस्या की ओर कुछ ध्यान दे रही है। इस मांसाहारी मछली के काटने से सैकड़ों दुधारू मवेशियों के घायल होने और कई बछड़ों व बछियों के मरने की भी खबरें हैं।

मछली पालकों द्वारा यह मछली इसलिए पाली जा रही है क्योंकि यह बहुत कम समय में अधिक खाने योग्य हो जाती है। इस प्रकार की मछली पालन के लिए किसी विशेष प्रयास की आवश्यकता नहीं होती है। जिसके कारण लालची मछली पालक सरकारी निर्देशों का उल्लंघन कर चोरी-छिपे मांगुर मछली का पालन कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार इस प्रकार की लगभग 60 प्रतिशत मछली का पालन अवैध रूप से किया जा रहा है, जिसके लिए विभागीय अधिकारी व पंचायतें सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। जानकारी के अनुसार अकेले फिरोजपुर जिले में ही करीब सैकड़ों एकड़ में मछली फार्म स्थापित किए गए हैं, जहां आमतौर पर कतला, रहु, मिगरख, कोमलकॉर्प, बिगहेड प्रजाति की मछलियां पाई जाती हैं, लेकिन कुछ मछली पालक अधिक कमाई की चाहत में इस गैर मान्यता प्राप्त मांगुर मछली को छप्पर में ला रहे हैं।

छप्पड़ों में पल रही यह मांसाहारी मछली पानी पीने और हाने के लिए लाए गए जानवरों को काटती है और गंभीर रूप से घायल कर देती है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247










*अयोध्या से श्री राम मंदिर स्थापित होने के 1 वर्ष पूरा होने पर जालंधर के श्री सिद्ध शक्तिपीठ देवी तलब मंदिर में दिया जलाते हुए श्रद्धालु।*

# 30,000 रुपये रिश्वत लेते सिपाही को विजिलेंस ब्यूरो ने किया गिरफ्तार



### सह-आरोपी एस.एच.ओ. गिरफ्तारी से बचकर मौके से फरार

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में जारी भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के तहत होशियारपुर जिले के पुलिस थाना गढ़शंकर में तैनात एक सिपाही किंदर सिंह को 30,000 रुपये रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस मामले में सह-आरोपी एस.एच.ओ. बलजिंदर सिंह मल्ली गिरफ्तारी से बचकर मौके से फरार हो गया।

आज यहां जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि जिला रूपनगर के नंगल सब-डिवीजन की निवासी हरदीप कौर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर उक्त पुलिस कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क कर शिकायत की थी कि उक्त आरोपी ने एस.एच.ओ. इंस्पेक्टर बलजिंदर सिंह मल्ली के नाम पर उसके (हरदीप कौर) भाई, जिसे पुलिस ने एक झगड़े के मामले में अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था, को नशीले पदार्थों के केस में शामिल न करने के लिए एक लाख रुपये की मांग की थी। बाद में सौदा 50,000 रुपये में तय हो गया। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद होशियारपुर यूनिट की विजिलेंस ब्यूरो टीम ने जाल बिछाया और उक्त पुलिस कर्मचारी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इस कार्रवाई के दौरान एस.एच.ओ. बलजिंदर सिंह मल्ली गिरफ्तारी से बचकर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के थाना जालंधर रेंज में भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# डिप्टी कमिश्नर ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया

## 24 को फुल ड्रेस रिहर्सल, देशभक्ति की भावना से गणतंत्र दिवस मनाने की अपील

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** डिप्टी कमिश्नर डा.हिमांशु अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए डा.अग्रवाल ने आयोजन के महत्व पर जोर देते हुए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा ताकि समागम उचित ढंग से संपन्न हो सके। डा.अग्रवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस को देशभक्ति की भावना और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए, क्योंकि यह दिन हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने ट्रैफिक डायवर्जन, पेयजल की उपलब्धता, पार्किंग, शौचालय और भाग लेने वाले छात्रों के लिए परिवहन व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डिप्टी कमिश्नर ने पी.एस.पी.सी.एल. अधिकारियों को पूरे आयोजन के दौरान स्टेडियम में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।



इसके अलावा डा.अग्रवाल. ने स्वास्थ्य विभाग को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों और पैरामेडिक्स सहित मेडिकल टीमों को तैनात करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के सुचारू ढंग से सुनिश्चित करने के लिए वी.वी.आई.पी. प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने विभागीय उपलब्धियों को झांकियों द्वारा प्रदर्शित करने की भी समीक्षा की। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सर्वश्रेष्ठ झांकी को कार्यक्रम के अंत में नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

डिप्टी कमिश्नर ने पुलिस विभाग को शहर में विशेष कार्यक्रम स्थल के आस-पास सुरक्षा मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू समापन के लिए स्टेडियम में पर्याप्त पुलिस कर्मियों को तैनात करने के लिए भी कहा। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर ने जालंधर नगर निगम को शहर के मुख्य चौराहों को देशभक्ति की थीम पर आधारित सजाने को कहा। उन्होंने बताया कि फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को होगी।

डा. अग्रवाल ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को सुचारु रूप से संपन्न करवाने के लिए अपनी जिम्मेदारी पूरी तत्परता से निभाएं। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर जसबीर सिंह, सहायक कमिश्नर सुनील फोगट, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर मेजर डा. अमित महाजन, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर( ग्रामीण विकास) बुद्धि राज सिंह, एसडीएम बलबीर राज सिंह, एसडीएम रणदीप सिंह हीर, जिला राजस्व अधिकारी नवदीप सिंह और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# महाकुंभ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या व वसंत पर 29 ट्रेनें और कैंसिल



**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** महाकुंभ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर्व पर लंबी दूरी की ट्रेनों को निरस्त कर विशेष ट्रेनों के लिए ट्रैक खाली करने का क्रम जारी है। रेलवे ने बुधवार को एक और नई सूची जारी की। जिसमें 29 और ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। अब तक रेलवे ने 58 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है।

इससे इन ट्रेनों में पहले से ही सीट आरक्षित करा चुके यात्रियों के लिए मुश्किल बढ़ेंगी, हालांकि राहत यही रहेगी कि विशेष ट्रेनों संचालन अधिकतम संख्या में होगा, जिससे यात्री प्रयागराज पहुंच भी सकेंगे और उनकी वापसी भी आसान होगी। प्रयागराज जंक्शन दिल्ली हावड़ा रूट पर है, ऐसे में जो ट्रेनें रद हो रही हैं, अधिकांश इसी रूट की हैं। जबकि अभी आगे और ट्रेनों को भी रद करने की संभावना बनी हुई है।

### ये ट्रेनें हुई निरस्त

-12311 हावड़ा कालका-26जनवरी
-12398 नई दिल्ली गया-30 जनवरी
-20961 उधना बनारस-28 जनवरी
-15657 दिल्ली कामख्या-30 जनवरी
-12505 कामख्या आनंद विहार ट.-27जनवरी
-12487 जोगबनी आनंद विहार ट.-30जनवरी
-12802 नई दिल्ली पुरी-30 जनवरी
-12428 आनंद विहार ट.रीवा-28 जनवरी
-12368 नई दिल्ली भागलपुर-30 जनवरी
-22307हावड़ा बीकानेर-30जनवरी
-12815 पुरी आनंद विहार ट.-27जनवरी
-18309 संबलपुर जम्मू तवी-25जनवरी
-15483 अलीपुर द्वार जं.दिल्ली-27जनवरी
-22465 मधुपुर आनंद विहार ट.-30जनवरी
-12397 गया नई दिल्ली-28जनवरी
-12367 भागलपुर नई दिल्ली-28जनवरी
-15634 गुवाहाटी बीकानेर-25जनवरी
-12942 आसनसोल भावनगर-30जनवरी
-12397 गया नई दिल्ली-दो फरवरी
-12367 भागलपुर नई दिल्ली-दो फरवरी
-15657 दिल्ली कामख्या-चार फरवरी
-12802 नई दिल्ली पुरी-चार फरवरी
-12398 नई दिल्ली गया-चार फरवरी
-12428 आनंद विहार ट. रीवा-दो फरवरी
-12368 नई दिल्ली भागलपुर-चार फरवरी
-12307 हावड़ा जोधपुर-चार फरवरी
-12505 कामख्या आनंद विहार ट.- एक फरवरी
-12311 हावड़ा कालका -31जनवरी
15483 अलीपुर द्वार जं. दिल्ली-एक फरवरी